दिनांक: 05.02.2026

प्रेस विज्ञप्ति

**"वैश्विक उथल-पुथल के बीच भारत का भविष्य" विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन**

मर्चेंट्स चैंबर ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा दिनांक 5 फरवरी 2026 को सायं 5:30 बजे सर पदमपत सिंघानिया ऑडिटोरियम में एक विशेष टॉक शो का आयोजन किया गया, जिसका विषय रहा –
"India's Path Ahead Amid Trump's Turbulence, China's Game, Russia's Resilience and More"

टॉक शो में प्रमुख वक्ता के रूप में मेजर जनरल (से.नि.) राजीव नारायणन, कर्नल (से.नि.) अजय के. रैना तथा प्रसिद्ध यूटयूब चैनल YT-DEF Talks के आदी अचिंत उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत चैंबर के अध्यक्ष श्री अभिषेक सिंघानिया के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने आयोजन के उद्देश्य और विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

वक्ताओं ने कहा वर्तमान वैश्विक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है, जहाँ अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की नीतिगत अनिश्चितताएँ, चीन की आक्रामक आर्थिक एवं सामरिक रणनीति तथा रूस की निरंतर वैश्विक भूमिका अंतरराष्ट्रीय राजनीति को नई दिशा दे रही हैं। ऐसे समय में भारत के समक्ष यह आवश्यक हो गया है कि वह अपनी कूटनीति, आर्थिक और रणनीतिक प्राथमिकताओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित करे।

वक्ताओं ने रूस, यूक्रेन, पाकिस्तान, ईरान, वेनेजुएला, बांग्लादेश जैसे देशो में अस्थितरता  एवं युद्ध के वातावरण और उसमे अमेरिका की भूमिका पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला। भारत की प्राचीन सभ्यता की वजह से किसी भी बड़े राष्ट्र के दबाव को न सहते हुए भारत विकास के पथ पर आंतरिक क्षमताओ का उपयोग करते हुए विकास के पथ पर अग्रसर है, और इस पिछले एक साल के अंतर्राष्ट्रीय उथल पुथल के दृश्य काल में भी अपनी उच्च आर्थिक विकास दर और किसी से भी न झुकने का दृढ़ संकल्प पूरे विश्व के सामने रखा है |

विशेषज्ञों का मानना है कि भारत ने अपनी स्वतंत्र नीति को और सुदृढ़ करते हुए अमेरिका, यूरोप, रूस और एशिया-प्रशांत देशों के साथ संतुलित संबंध बनाए रखने होंगे। साथ ही, चीन के बढ़ते प्रभाव और क्षेत्रीय चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए भारत को अपनी रक्षा क्षमताओं, तकनीकी आत्मनिर्भरता तथा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भूमिका को मजबूत करना होगा।

इस संदर्भ में भारत के लिए यह अवसर भी है कि वह वैश्विक दक्षिण (Global South) का नेतृत्व करते हुए विकासशील देशों की आवाज़ को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रभावी रूप से प्रस्तुत करे।

सत्र के अंत में एक इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित जनों ने विषय से संबंधित गहन प्रश्न पूछे और वक्ताओं ने उनका संतोषजनक उत्तर देकर विषय को और अधिक स्पष्ट किया।

कार्यक्रम का समापन चैंबर के उपाध्यक्ष मयंक खन्ना द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने सभी विशिष्ट अतिथियों, वक्ताओं, आयोजकों तथा उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन मर्चेंट्स चैंबर की सामरिक चेतना और निरंतर सीखने की परंपरा को सुदृढ़ करते हैं।

इस अवसर पर चैम्बर के पूर्व अध्यक्ष बी के लाहोटी, मुकुल टंडन, चैम्बर के कौंसिल सदस्य विजय पांडे, आर के अग्रवाल, सुशील शर्मा, आशीष चौहान, विश्व नाथ गुप्ता, चैम्बर के सदस्य गुलशन धूपर, डॉ अवध दुबे, अनिल के सक्सेना एवं चैम्बर के मुख्य परिचालन अधिकारी प्रभात मिश्रा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।